# चीनी का है पर्याप्त स्टाक, निर्यात जारी रखे सरकार : इस्मा

कारोबार डेस्क

**नई दिल्ली।** इंडियन सुगर मिल्स एसोसिएशन (इस्मा) ने कहा है कि देश में चीनी का पर्याप्त स्टाक है और सरकार को इसका निर्यात जारी रखना चाहिए। इस्मा का कहना है देश में अगले चीनी सीजन में भी चीनी की उपलब्धता पर्याप्त रहेगी। अतिरिक्त चीनी स्टाक के निर्यात के जरिए देश में नकदी की आवक बढ़ाई जा सकती है। इससे किसानों को समय पर भुगतान किया जा सकेगा।

इस्मा का कहना है कि चालू चीनी सीजन में 31 जुलाई 2012 तक 259 लाख टन चीनी का उत्पादन किया जा चुका है। अभी भी 23 चीनी मिलों में गन्ना पेराई जारी है। इसे देखते हुए आगामी 30 सितंबर तक चीनी उत्पादन का आंकड़ा 260 लाख टन से अधिक पहुंच सकता है। संगठन का कहना है कि चालू सीजन के दौरान सरकार ने 210 लाख टन चीनी जारी की और 35 लाख टन का निर्यात किया गया। इसके साथ ही चालू सीजन के अंत में चीनी का शेष स्टाक सीजन के शुरुआती स्टाक से 15 लाख टन से भी अधिक रहने का अनुमान है। चालू सीजन के शुरू में यानी 1 अक्तूबर 2011 को करीब 55 लाख टन चीनी का बैलेंस था। एसोसिएशन का कहना है कि चालू सीजन की समाप्ति पर त्योहारी मांग को पूरा करने के लिए चीनी का न केवल पर्याप्त स्टाक रहेगा बल्कि इससे जनवरी 2013 तक की मांग को भी आसानी से पूरा किया जा सकेगा।



चालू चीनी वर्ष में उत्पादन 260 लाख टन से अधिक रहने का अनुमान